दिन– मंगलवार   दिनांक– 21/01/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।   अवधिः– 05 मिनट

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा है कि पीठासीन अधिकारी लोकतांत्रिक संस्थाओं के रक्षक के रूप में बड़ी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। श्री खान विधानसभा में आयोजित अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के 85वें सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की हर हाल में रक्षा की जानी चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि संसद और विधानमंडल की गरीमा पर आक्षेप देश और लोकतंत्र पर हमला है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान सिर्फ एक दस्तावेज नही है बल्कि एक राष्ट्रीय आदर्श है। वहीं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधायी निकायों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण बहस और चर्चा का स्थान बनाने पर जोर दिया है। श्री बिरला ने कहा कि सभी प्रतिनिधियों ने संवाद और बहस को बढ़ावा देने का संकल्प व्यक्त किया है। श्री बिरला ने कहा कि दो दिवसीय सम्मेलन बहुत फलदायी रहा क्योंकि सभी प्रतिभागियों ने विधायी निकायों की उत्पादकता और जिम्मेदारी बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। अध्यक्ष ने कहा कि पीठासीन अधिकारियों ने लोगों की बेहतर सेवा करने और उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए नई तकनीक और कौशल अपनाने पर जोर दिया।

दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान पांच संकल्प पारित किए गए। इस सम्मेलन में देश भर के तेइस विधानमंडलों के इकतालीस पीठासीन अधिकारी शामिल हुंए। समापन सत्र के दौरान राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह विधानसभा अध्यख नंदकिशोर यादव, विधान परिषद के सभापति अवधेष नारायण सिंह, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री श्रवण कुमार और विधानसभा के उपसभापति नरेन्द्र नारायाण यादव भी शामिल थे।

————————————————————————

प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ नगरी में त्रिवेणी मार्ग स्थित सुसज्जित संविधान गैलरी लोगों को आकर्षित कर रही है। इस गैलरी की स्थापना का उद्देश्य लाखों आगंतुकों को संविधान के निर्माण, कार्यान्वयन और अनुच्छेदों के बारे में शिक्षित करना है। इधर, सहरसा के मत्स्यगंधा झील स्थित वैदेही कला संग्रहालय द्वारा कुंभ नगरी के कलाग्राम मे दुर्लभ संगीत वाद्यों की प्रदर्शनी लगाई गई है। यहां प्रदर्शित दो सौ इकावन वाद्य यंत्रों को देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लग रही है।

———————————————————————

बिहार विधानसभा में विरोधी दल राजद के मुख्य सचेतक अख्तरूल इस्लाम शाही ने रालोजपा अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस के महागठबंधन में शामिल होने के संकेत दिए है। समस्तीपुर में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि पार्टी अध्यक्ष लालू प्रसाद के साथ श्री पारस की इस संबंध में बातचीत हो रही है।

———————————————————————

प्रदेश के अधिकतर भागों में ठंड और कोहरे से जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद राज्य का सबसे ठंड स्थान रहा जहां का न्यूनतम तापमान छह दशमलव सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, गोपालगंज और मोतिहारी जिले में शीत दिवस दर्ज किया गया। इधर, राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य एवं उत्तर–पूर्व भागों में अनेक स्थानों पर घने कोहरे की स्थिति बनी रही, जिससे सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों तक राज्य के अधिकतर भागों में घना से अति घना कोहरा छाये रहने की संभावना है। विभाग ने सीतामढ़ी, शिवहर, सहरसा समेत राज्य के उत्तरी भाग में विभिन्न स्थानों पर अगले चौबीस घंटों के दौरान घने कोहरे का औरेंज अलर्ट जारी किया।

———————————————————————

औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ढक पहाड़ी जंगल के पास एक बड़े भूभाग में नक्सलियों द्वारा की जा रही अफीम की खेती को पुलिस ने नष्ट कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक दिवेश कुमार मिश्रा ने यह जानकारी दी।

———————————————————————————————

मधुबनी जिले के जयनगर में एसएसबी की अड़तालीसवीं वाहनी की जवानों ने भारत–नेपाल सीमा के करीब एक संदिग्ध को भारत और नेपाल के जाली नोटो के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————————

वैशाली जिले के ओद्यौगिक थाना क्षेत्र अंतर्गत चौरसिया चौक के पास एक टैंकर की चपेट में आने से एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने गांधी सेतू पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया।

———————————————————————————————

समाप्त